**खबर संक्षेप**

### अपाहिज पिता ने फिर लगाई बेटे की मृत्यु सहायता राशि की गुहार



**मानपुर।** नगर परिषद के गरीब असहाय परिवार के कुंजबिहारी गुप्ता का जिनके पुत्र दीपक गुप्ता छत्तीसगढ़ जिला कोरिया के रामदहा वाटर जलप्रपात में 2 वर्ष पहले अपने 2 साथी विमल गुप्ता व राम किशोर पटेल के साथ डूब कर खत्म हो गया था दीपक की मृत्यु के 1 साल पहले से ही पिता एक्सीडेंट से अपाहिज हो गए थे, दीपक के अलावा उनकी कोई और दूसरी संतान भी नही थी, गरीब अपाहिज कुंजबिहारी के पास अपनी और पत्नी के साथ-साथ दीपक की पत्नी और एक 4 साल की बच्ची के भरण पोषण और शिक्षा की जवाबदारी है, लगभग 2 सालो बीत जाने के बाद भी गरीब असहाय परिवार को शासन से मिलने वाली मृत्यु सहायता का लाभ नहीं मिल सकी, जिससे मृतक के पिता को अपना व मृतक दीपक के परिवार का भरण पोषण करने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अपाहिज होते हुए भी मृतक के पिता ने जिला सिंगरौली जाकर छत्तीसगढ़ के रमदाहा में सिंगरौली जिले के मृत हुए व्यक्तियों को सिंगरौली जिला प्रशासन व वहां के तत्कालीन बीजेपी विधायक राम लल्लू वैश्य द्वारा मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री सहयता कोष से दी गई 4 लाख रुपए प्रकरण की नकल ला कर जिला प्रशासन उमरिया में गाइड लाइन दे चुके है, बाबजूद उसके आज दिनांक तक आखिर क्या कारण है की अपाहिज कुंजबिहारी के बेटे की मृत्यु सहायता का प्रकरण जिला कार्यालय में लंबित पड़ा है।

# मां ने बेटे से भी कहा था, साथ चलो मेरे

## बारिश के बीच एक साथ दफन हुआ परिवार



शनिवार की दोपहर 2 बजे शहडोल के धनपुरी कालरी क्षेत्र में एक ही घर से 4 शव यात्रा जब एक साथ निकली तो, पूरे परिवार की दर्दनाक मौत पर नीली छतरी वाला भी खुद को नहीं रोक सका, रिमझिम बारिश के बीच इधर सैकड़ों नम आंखों ने चार शवों को एक साथ दफन किया, वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने भी फरार वाहन चालक को उमरिया जिले के नौरोजाबाद से गिरफ्तार कर लिया।

**नौरोजाबाद से गिरफ्तार हुआ फरार 30 हजार का ईनामी ड्राइवर**

**शहडोल।** शुक्रवार की दोपहर सडक़ हादसे में मृत रोशनी असावर जब किराये के ऑटो पर शहडोल जिला चिकित्सालय में बहू के प्रसव के बाद बधाई देने के लिए निकली तो, 26 साल के बेटे संदीप असावर को आटो में साथ चलने की बात कही, संदीप ने यह कहकर मां की बात टाल दी कि वह बहन व नवजात भतीजी से मिलने मोटर सायकल से आटो के पीछे-पीछे आ जायेगा, शाम होते-होते जब संदीप शहडोल नहीं पहुंचा तो, रोशनी और उसके साथ गये चार अन्य परिजन वापस लौट आये, शाम करीब 8:30 बजे बुढ़ार थाना के ग्राम पकरिया स्थित एनएच-43 पर ट्रेलर ने ऑटो को रौंद दिया, जिससे रोशनी और तीन अन्य महिलाओं की मौत हो गई, जबकि परिवार का एक पुरूष और आटो चालक अभी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। गुरूवार की शाम को ही रोशनी असावर की बहू ने जिला चिकित्सालय में स्वस्थ्य बच्ची को जन्म दिया था। परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन अगले 24 घंटो में पूरा माहौल ऐसे मातम में बदला कि सिर्फ असावर परिवार ही नहीं, यह खबर शहडोल और प्रदेश की सुर्खियों में आ गई।



### 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार

शहडोल पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक घटना के कुछ घंटे बाद ही एडीजीपी डी.सी.सागर के साथ मौके पर पहुंचे थे, उनके साथ एफएसएल की टीम, बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल और अन्य स्टॉफ मौजूद था। जिस ट्रेलर से दुर्घटना कारित हुई थी, उसका चालक प्रवीण उर्फ अंकुल तिवारी घटना के बाद ही वाहन को छोडक़र फरार हो गया था। एडीजीपी दिनेश चंद्र सागर ने घटना के कुछ घंटे बाद ही आरोपी चालक पर 30 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया था, थाना प्रभारी के नेतृत्व में बुढ़ार पुलिस ने आरोपी प्रवीण को उमरिया जिले के नौरोजाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया, उसके ऊपर बीएनएस की धारा 304, 105 तहत अपराध कायम किया गया है।

### यह हुआ शुक्रवार की रात

बुढार थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे भीषण सडक़ हादसा हुआ है, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई है, वहीं दो की हालत गंभीर बनी हुई है, घटना के संबंध में बताया गया कि



मृतकों में मां और 2 बेटी समेते एक अन्य रिश्तेदार शामिल है। सडक़ हादसा शहडोल-अमलाई मार्ग पर पकरिया गांव के समीप हुआ है। हादसे के बाद ट्रेलर ने लगभग 100 मीटर ऑटो को अपने साथ हाईवे पर घसीटा। थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि धनपुरी नंबर 3 में रहने वाला असवार परिवार ऑटो में सवार होकर जिला चिकित्सालय से लौट रहा था, तभी अचानक हाईवे पर मवेशी आ गए, उन्हें बचाने के प्रयास में ऑटो हाईवे पर ही पलट गया, तभी अचानक सामने से एक भारी भरकम ट्रेलर वाहन आ गया, उसने सडक़ पर पड़े ऑटो सवार लोगों को कुचल दिया।

### 4 की मौत, 2 गंभीर

थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में 2 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, इसमें रोशनी असवार पति मुज्जू असवार उम्र 40 वर्ष, ममता असवार पिता मज्जू असवार उम्र 15 वर्ष के नाम शामिल हैं, वहीं रिया असवार पिता मुज्जू असवार उम्र 12 वर्ष और बिट्टू पिता हरिश्चंद्र उम्र 30 वर्ष ने अस्पताल जाते समय दम तोड़ दिया। जबकि ऑटो चालक कुंज बिहारी त्रिपाठी पिता गोविंद त्रिपाठी उम्र 28 वर्ष और नेमचंद्र पिता हरीश्चंद्र उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल है, जिनका उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है।



### यह कहा रहा प्रत्यक्षदर्शी

घटना स्थल पर मौजूद नितिन पाण्डेय ने बताया कि हम लोग हाईवे के पास ही थे, शहडोल की तरफ से ऑटो आ रहा था, हाईवे पर कुछ मवेशी थे, उन्हें बचाने के फेर में ऑटो आईवे पर ही पलट गया। जैसे ही ऑटो पलटा तभी सामने से तेज रफ्तार ट्रेलर आ गया, पलटे ऑटो से सडक़ पर पड़े लोगों को रौंदते हुए ट्रेलर करीब 100 मीटर उनहें घसीटते हुए ले गया, तब-तक चीखें सुनाई देने लगी, हम लोग दौड़े, घायलों को बाहर निकालने लगे, लेकिन 2 की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

### नवजात को देखकर लौट रहे थे

पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवार शुक्रवार की रात 10 बजे के लगभग जिला चिकित्सालय से अपने घर धनपुरी नंबर 3 के लिए लौट रहे थे, उनके परिवार में एक बच्ची का जन्म हुआ था, उसे देखने सभी ऑटो में सवार होकर जिला चिकित्सालय गए थे, पुलिस ने बताया कि सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं। पुलिस ने बताया कि मृतिका रोशनी असवार पति मुज्जू एसईसीएल के सेंट्रल अस्पताल में नौकरी करती थी, वह अपनी 2 बेटियों के साथ जिला चिकित्सालय परिवार में आए नवजात को देखने गई थी, इस हादसे में रोशनी और उसकी 2 बेटियों की मौत हो गई।

# पदोन्नति के बाद भी टस से मस नहीं हो रहे संयुक्त संचालक

**6 वर्षों से चिपके हैं कुर्सी पर**

**शहडोल।** 6 वर्षों से अधिक समय से शिक्षा विभाग में सेवा दे रहे संयुक्त संचालक शहडोल सहदेव सिंह मराबी पदोन्नति के बाद भी पदस्थापना स्थल पर नहीं जा रहे हैं। जबकि इसी पदोन्नति के लिए न्यायालय में याचिका दायर की थी। अब जब पदोन्नति हो गई है तो नही जाने के बहाने ढूंढ़ रहे हैं। इसमें वरिष्ठ अधिकारी भी आंख मूंदे हुए हैं। एक माह से भी अधिक समय हो जाने पर भी संयुक्त संचालक लोकशिक्षण शहडोल संभाग के पद से मुक्त नहीं किया जा रहा है। जबकि इनको पदोन्नत कर एक माह पूर्व राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल में पदस्थ किया गया है। जानकारी में बताया गया कि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सहदेव सिंह मराबी वर्ष 2018 से शहडोल में सेवाएं दे रहे हैं। पदोन्नति नहीं होने पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसे लेकर 21 दिसंबर 22 को जारी आदेश के परिपालन में विभागीय आदेश 13 मार्च 2024 को उन्हे अपर संचालक के पद पर पदोन्नत किया गया था। लोक सभा चुनाव को लेकर जारी अधिसूचना के चलते इनको यथावत रखा गया। अब जब अधिसूचना समाप्त हो गई है तो 7 जून 2024 को स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर सहदेव सिंह मराबी को पदोन्नत उपरांत अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक अपर संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र में पदस्थ किया गया है। जारी आदेश को लगभग एक माह हो रहे हैं इसके बाद भी उन्हे कार्य मुक्त नहीं किया जा रहा है। जिसको लेकर विभागीय स्टाफ में असंतोष व्याप्त है। शिक्षा मंत्री से मांग की गई है कि श्री मराबी को तत्काल कार्य मुक्त कराया जाए।

# एक पेड़ मां के नाम लगायें योजना के तहत कराया पौध रोपण

**मानपुर।** मां के नाम एक पेड़ लगाने और उसका परवरिस करने का कार्य इस समय पूरे मप्र में चल रहाहै, जिसमें शासन - प्रशासन और जन प्रतिनिधि बढ़ - चढ़ कर भाग ले रहे हैं। इसी दरम्यान 6 जून शनिवार को सुबह मानपुर नगर परिसद भवन के बगल वाले मैदान में 551 पेड़ों का वृक्षा रोपण किया गया, जिस कार्यक्रम में उपस्थित मानपुर के एसडीएम कमलेश नीरज, तहसीलदार कन्हैयादास पनिका, सीएमओ राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, उपयंत्री प्रभुनाथ पटेल, नगर अध्यक्ष श्रीमती भारती-सतीष सोनी, पार्षद श्रीमती खुशबू गुप्ता, सजन कोल, नगर से अमित कोरी, अमित गुप्ता, राजकुमार पटेल, गुलशन कुशवाहा, जगज गुप्ता, पत्रकारों सहित सैकड़ों नागरिकों ने वृक्षा रोपण का कार्य किया। कार्यक्रम में मानपुर एसडीएम ने कहा कि इस वर्ष क्षेत्र में भारी गर्मी पड़ी है इसी तरह कभी वर्षात का प्रलय तो कभी भारी ठंडी पडऩा जैसे कई प्राकृतिक आपदायें आते रहते हैं, वह कोई और कारण नहीं बल्की वन और पेड़ की कमी ही मानना चाहिये, क्यों कि इस समय मानव समाज अपने स्वार्थ के लिये पेड़ और वन का शुरक्षा करने के स्थान पर नष्ट करने



में जुटा है, वन के बिना प्राणियों का रहना सम्भव नहीं है, इस लिये अपने जीवन के लिये हमें वन का विस्तार करना होगा। मानपुर सीएमओ ने कहा कि प्राकृतिक पर्यावरण और जलवायु - वन और नदी पहाड़ों पर निर्भर करता है, पेड़ हमें जीवन देतेहैं, पेड़ -पौधे हैं तो, हमारे लिये भोजन, पानी, शुद्ध हवा की उपलब्धता है, प्राणी शुरक्षा के लिये- वन, जल,पर्वत, नदी, नाले, जैसे प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखना और विस्तारीकरण करना हम मानव समाज का दायित्व है, तभी मानव प्राणी सुखी रह सकता है। मानपुर तहसीलदार ने कहा कि हम मानव समाज को वन अर्थात पेड़ पौधे पूरा जीवन देते हैं, मानव के साथ सम्पूर्ण जन्तु प्राणी का जीवन - वन, जल और हवा पर निर्भर है जिसे बनाये रखने के लिये पेड़ - पौधे ही माध्यम हैं, पेड़ हमें जड़ी -बूटी, इलाज, भोजन, फल, छाया, अच्छा पर्यावरण, आक्शीजन, वर्षा जैसे जीवन के सभी साधन देते हैं, मानव समाज यदि अपना भविस्य चाहता है तो ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाये और परवरिस करे क्यों कि वन के बिना पृथ्वी में जीवन सम्भव नहीं है।पार्षद श्रीमती खुशबू गुप्ता ने कहा कि इस समय पेड़ लागाने का काम सभी पंचायत और नगरों में हो रहाहै, कई किसान लोग भी अपने खेत के चारो तरफ पेड़ पौधे लगाने के काम कर रहेहैं, इसी तरह से पेड़ पौधे लगाकर उसका परिवरिस करते हुये वन के विस्तारी करण में वन विभाग को भी जोर देना चाहिये, सरकार से आग्रह है कि सभी वनाधिकार पट्टेधारियों से भी पेड़ लगवाने के लिये लक्ष्य बनाना चाहिये, सभी शास्कीय - अशास्कीय कार्यालयों के तरफ से भी पेड़ लगवाने के लक्ष्य रखना चाहिये, सभी सडक़ों के किनारे वृक्षा रोपण का कार्य अत्यंत जरूरी है, जिससे गाडिय़ों के धुंये से बनने वाले प्रदूषण में कमी हो , सभी तालाब - बांध जैसे स्थानों में एवं हर खनिज होने वाले स्थानों में भी पेड़ लगने से मिट्टी के कटाव में कमी आयेगी, जो सभी के लिये लाभप्रद है। वहीं मानपुर नगर अध्यक्ष नें कहा कि इस वर्ष हमें नगर में अधिकाधिक वृक्षा रोपण करवाना है और इन सभी पेड़ों का संरक्षण करना भी हम सब का दायित्व है, जिसमें देव तुल्य सभी नगर वासियों का सांथ हमारे लक्ष को पूरा करने में सहयोग करेगा। नगर अध्यक्ष भारती-सतीश सोनी, सीएमओ राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, इंजीनियर प्रभुनाथ पटेल, शिवम गुप्ता, सुपरवाइजर हरगोविंद चतुर्वेदी के साथ सभी नगर के परिषद मानपुर के कर्मचारी गणमान्य नागरिक, पत्रकार सहित लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने रिकार्ड कीपर को किया निलंबित, एफआईआर के निर्देश

**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 (1) के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री सतेन्द्र कुमार चक्रवर्ती, रिकार्ड कीपर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू जिला शहडोल, को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि निलबंन अवधि में सतेन्द्र कुमार चक्रवर्ती का मुख्यालय सिविल अस्पताल ब्यौहारी रहेगा। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि जिला कोषालय अधिकारी शहडोल द्वारा नोट-शीट प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि संदिग्ध, कपटपूर्ण भुगतान की जॉच हेतु गठित जाँच दल के जॉच प्रतिवेदन के अनुसार श्री सतेन्द्र कुमार चक्रवर्ती रिकार्ड कीपर द्वारा स्वयं के 04 बैंक खातो एवं अपनी पत्नी



श्रीमती छाया चक्रवर्ती (ए.एन.एम.) के 03 बैंक खातों में हेरफेर कर अन्य शासकीय सेवकों की राशि भी कूटरचित तरीके से अपने व अपनी पत्नी के खातों में अनियमित भुगतान कर शासकीय राशि 56 लाख 32 हजार 862 रूपये का गबन किया जाना पाया गया है, प्रथम दृष्टया में दोषी पाये जाने के कारण सतेन्द्र कुमार चक्रवर्ती, रिकार्ड कीपर, का उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के तहत उल्लघंन की श्रेणी में आता हैं, जो दण्डनीय हैं। साथ ही कलेक्टर श्री भटनागर के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतेन्द्र कुमार चक्रवर्ती, रिकार्ड कीपर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने हेतु पत्र जारी किया है।

# अतिक्रमण से हो रही दुर्घटनाएंः सतेन्द्र



**शहडोल।** मण्डलम कॉग्रेस कमेटी (शहर) ब्यौहारी के अध्यक्ष सतेन्द्र त्रिपाठी पिन्टू ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पत्र में उल्लेख किया कि रीवा-शहडोल मुख्य मार्ग पर दिनों दिन अतिक्रमण होते जा रहा है, आये दिन किसी न किसी की दुर्घटना से मृत्यु हो रही है, सडक़ पर वाहन एवं अन्य सामग्री रखे होने कारण ही दुर्घटना का कारण बनता है जिसका खामियाजा 1 वर्ष में लगभग 12 लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके है। मुख्य मार्ग पर कई जगह जैसे धर्मादुबे मंदिर के सामने, हीरो मोटर एजेंसी पम्प के सामने, देवी मंदिर के के सामने, गुप्ता पेट्रोल पास, चुंगी नाका इन जगह सडक़ पर जल भराव हो रहा जल्द निकासी की व्यवस्था की जाये। है, मुख्य मार्ग के सडक़ के दोनों ओर नगर परिसद की पुरानी नाली को तोडक़र नई नाली का निर्माण कराया गया है, जिससे अब रहवासियो के घर का पानी नहीं निकल पा रहा है। आम नगरिको की समस्या को देखते हुए जल्द पानी निकासी की व्यवस्था की जाये। सडक़ दोनों ओर रेल्वे तिराहा से ताम्रकार पेट्रोल पम्प तक बनाई गई, नाली व सडक़ के बीच बनाये गये डिवाईडर का निर्माण गुणवत्ताहीन व अत्यंत घटिया निर्माण कराया गया है, जिसकी उच्चस्तरीय जॉच कराई जाये। रीवा-शहडोल मुख्य मार्ग के शहर ब्यौहारी में स्पीड ब्रेकर बनाने की सख्त आवश्यकता है, जैसे स्कूल, अस्पताल, कालेज प्रमुख तिराहे व चौराहे एवं रोड क्रास में बनाने की आवश्कता है, जिससे किसी भी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सकता है। लगभग एक साल से पानी की सप्लाई 2 से 3 दिन में दिया जा रहा है, कोई निर्धारित समय नहीं है कि पानी की सप्लाई कितने बजे होगी, मनमानी तरीके से पानी की सप्लाई की जा रही है। उक्त बिन्दुओ पर शीघ्र निराकरण करने का कष्ट करें, अगर समय सीमा पर निराकरण नहीं किया जाता है तो , संगठन द्वारा आंदोलन-धरना प्रदर्शन नगर परिषद के सामने किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

# जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया पौधारोपण

**शहडोल।** धरती मां को हरा भरा, स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने एवं पर्यावरण का संरक्षण करने हेतु मध्य प्रदेश शासन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर सार्थक पहल की शुरुआत की है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश भर में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी पौधारोपण कर सहभागिता निभा रहे है। इस अभियान के तहत कमिश्नर श्री जामोद के नेतृत्व में शहडोल संभाग में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शहडोल संभाग के उमरिया जिले की जनपद पंचायत करकेली की ग्राम पंचायत पठारी में कमिश्नर बी.एस.जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन डी.सी.सागर,विधायक



बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह एवं कलेक्टर धर्णेन्द कुमार जैन सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने पौधरोपण किया। इस दौरान कमिश्नर बी.एस.जामोद ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि हमें धरती मां को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जितना स्वच्छ एवं सुंदर होगा उतना ही हमारा शरीर स्वस्थ होगा। कमिश्नर ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि पेड़ पौधे एवं पर्यावरण के बिना मानव जीवन असंभव है। हमें अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिए एवं पौधों की रक्षा भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हर एक घर, हर एक खेत में पौधे लगाने चाहिए। इस दौरान कमिश्नर ने पेड़ पौधों का महत्व बताते हुए ग्रामीणों को कविता भी सुनाई। कमिश्नर ने कविता के माध्यम से पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि हमें चारों दिशाओं में पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे प्राणियों को भोजन देने के साथ-साथ हमें मीठे फल भी देते हैं, पेड़ पौधे ही बारिश को लाते हैं और हमें मीठा जल भी देते हैं। इस दौरान विधायक बांधवगढ़ श्री शिव नारायण सिंह ने भी ग्रामीणों को पेड़ पौधे एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताया और ग्रामीणों से पौधे लगाने एवं पेड़ों की सुरक्षा करने हेतु अपील भी की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल,जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका मून सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, डीएफओ विवेक सिंह, अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ़ रीता डेहरिया, सहित काफी संख्या में ग्रामीणों एवं बच्चों ने भी पौधारोपण किया।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल –सोहागपुर क्षेत्र की "रामपुर–बटुरा खुली खदान के लिये कोयला धारक क्षेत्र अर्जन एवं विकास अधिनियम 1957 के अंतर्गत ग्राम बेलिया तहसील बुढार जिला शहडोल की भूमि अधिग्रहित की गई है जिसमें लागू सी.आई.एल आर एण्ड आर पालिसी 2012 के अनुसार क्लबिंग पद्धति से पूर्व में भूपेश शर्मा पिता बद्री प्रसाद शर्मा का रोजगार स्वीकृत किया गया था किन्तु भूपेश शर्मा पिता बद्री प्रसाद शर्मा चिकित्सीय जांच में अयोग्य पाए गए जिसके कारण भूमि स्वामी भूपेश शर्मा पिता बद्री प्रसाद शर्मा द्वारा अधिग्रहीत भूमि के एवज में अपनी पुत्री श्रेया शर्मा (अवयस्क) को रोजगार हेतु प्रस्तावित किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

| क0 | 1 ए पत्रक के अनुसार भूस्वामी का नाम | खसरा कमांक | रकबा हे0 में | प्रस्तावित रोजगार हेतु भूआश्रित का नाम एवं भूस्वामी से संबंध | दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेजों के आधार पर भू–आश्रित का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भूपेश शर्मा पिता बद्री प्रसाद शर्मा | 307<br>308<br>310/1 | 0.223<br>0.340<br>0.034 | श्रेया शर्मा (अवयस्क) पिता भूपेश शर्मा | शिक्षा प्रमाण पत्र | श्रेया शर्मा पिता भूपेश शर्मा |
| | | | | | आधार कार्ड | श्रेया शर्मा D/o भूपेश शर्मा |
| | | | | | वोटर आईडी | ——— |
| | | योग | 0.597 | | निवास प्रमाण पत्र | श्रेया शर्मा पिता भूपेश शर्मा |

उपरोक्त भूमिस्वामी /भूआश्रितों के रोजगार प्रदान किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो प्रकाशन से **07 दिवस** के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय महाप्रबंधक, सोहागपुर क्षेत्र में दर्ज करा सकते है, दिये गये समयावधि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उपरोक्त भूमिस्वामियों के आश्रितों के रोजगार विषयक कार्यवाही कर दी जावेगी।

रिलायंस फाउण्डेशन ने छात्राओं को प्रोत्साहित करने बढ़ाए कदम

# लेट्स मूव इंडिया कैंपेन में आदिवासी बच्चियों ने दिखाये जौहर

**सामाजिक जवाबदेही और 2036 में भारत में होने वाले ओलंपिक को लेकर रिलायंस फाउण्डेशन ने देश के 10 स्थानों पर लेट्स मूव इंडिया कैंपेन को आगे बढ़ाते हुए शहडोल में सैकड़ों आदिवासी बच्चियों को प्रोत्साहित करते हुए कदम आगे बढ़ाए हैं।**

शहडोल



ओलिंपिक के मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट के द्वारा सीएसआर के माध्यम से लेटस मूव इंडिया अभियान का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट द्वारा इसके लिए सोहागपुर विकास खण्ड के ग्राम कंचनपुर स्थित कन्या विद्यालय व छात्रावास को चिन्हित किया गया। लगभग 4 से 5 सैकड़ा बच्चियों के अंदर छुपी खेल प्रतिभाओं को जिले और देश के पटल पर सामने लाने के उद्देश्य से सीबीएम प्रोजेक्ट के जिम्मेदारों ने सामुदायिक विकास की जिम्मेदारी निभाते हुए यहां ट्रेनरों को नियुक्त किया है, जो बच्चों को ओलंपिक के तमाम खेलों के गुर सिखा रहे है। शनिवार को विद्यालय प्रांगण में लेट्स मूव इंडिया अभियान के तहत कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें बच्चियों ने अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाये।

### ओलंपिक के लिए तैयार होगा भारत

रिलायंस सीबीएम, सीएसआर प्रोजेक्ट के टेक्निकल हेड फणीधर अदला ने कहा कि भारत के 2036 ओलंपिक की मेजबानी की महत्वाकांक्षा के अनुरूप, रिलायंस फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ मिलकर बच्चों में सम्मान, मित्रता और उत्कृष्टता के ओलंपिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से लेट्स मूव इंडिया कैंपेन शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य खेल और ओलंपिज़्म के सकारात्मक प्रभाव का उपयोग करके एक स्वस्थ और अधिक सक्रिय समाज का निर्माण करना है।

### लेट्स मूव पहल का है?

सीबीएम सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव भी कार्यक्रम के दौरान मंचासीन रहे, उन्होंने कहा कि लेट्स मूव पहल आईओसी का एक वैश्विक अभियान है, जिसे 23 जून, 2023 को लॉन्च किया गया था। यह दुनिया भर के लोगों को उनके दैनिक जीवन में अधिक शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ साझेदारी में विकसित और ओलंपियनों द्वारा नेतृत्व किया गया यह अभियान नियमित गतिविधि के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि लेट्स मूव इंडिया कैंपेन के प्रमुख उद्देश्य बच्चों के शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देना, हर दिन कम से कम 30 मिनट की गतिविधि को प्रोत्साहित करना। युवाओं को सक्रिय करना, युवाओं और बच्चों को हर समय और कहीं भी सक्रिय रहने की दैनिक आदत बनाने के लिए प्रेरित करना। एकता को बढ़ावा देना, लोगों को लिंग, आयु या स्थान की परवाह किए बिना एक सामान्य उद्देश्य के लिए एक मंच प्रदान करना है।

### सक्रिय जीवनशैली जीने की प्रेरणा

ओलंपिक-डे के पूर्व में विभिन्न मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि बच्चों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके, जबकि वे अपने पसंदीदा ओलंपिक एथलीटों का समर्थन भी कर सकें। बाहरी और अंदरूनी गतिविधियाँ, उत्कृष्टता, सम्मान और मित्रता



के मुख्य ओलंपिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाली मजेदार गतिविधियाँ। ओलंपिक डे समारोह, छात्र और शिक्षक एक एथलीट से मिलने का अवसर प्राप्त करेंगे, जिससे वे शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और खेलों में भाग लेने की प्रेरणा प्राप्त करेंगे।

### छात्राओं को किया सम्मानित



कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सीताराम मिश्रा ने रिलायंस फाउंडेशन की इस पहल का स्वागत किया एवं इस कार्यक्रम के आयोजन का अपने विद्यालय में स्वागत किया, उन्होंने रिलायंस के समस्त स्टाफ को धन्यवाद दिया, कार्यक्रम में रिलायंस के फुटबॉल कोच ने बालिकाओं एवं अन्य प्रतिभागियों के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ओलम्पिक के मूल्यों को समझाने का प्रयास किया। बालिकाओं ने उत्साह के साथ समस्त प्रतियोगताओं में सहभागिता की, कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को साइट हेड एवं पत्रकारों ने मैडल पहना कर सम्मानित किया, रिलायंस सीबीएम के कर्मचारियों ने वालंटियर्स के रूप में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### कार्यक्रम में उपस्थित रहे

सीबीएम ऑपरेशन एंड मेंटेनन्स हेड फणीधर अदला, संदीप साहू, नीरज श्रीवास्तव, अमितेश पांडेय ,मनोज त्रिपाठी, अनुराग सिंह, कुंवरबाली सिंह, अभिलाष तिवारी,



बीरेंद्र प्रजापति, अश्वनी शर्मा, अपूर्वा टोप्पो, स्कूल के शिक्षकगण तथा रिलायंस फाउंडेशन के क्षेत्रीय कार्यकर्ता रहे। कार्यक्रम के सभी खेलो का संचालन फुटबॉल कोच सीताराम, संग्राम सिंह, जसराम, अक्षत, पुष्पा लोधी और रेनू केवट ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. समीम खान ने किया।

### विजेता बच्चियों को किया गया सम्मानित



लेटस मूव इंडिया अभियान अंतर्गत हुए कार्यक्रम में चेतनावती सिंह, बेलावती सिंह, सुधा सिंह, प्रतिभा सिंह, कशिश पनिका के साथ ही अनामिका सिंह और विजयंती सिंह, चांदनी सिंह और शैलजा सिंह, रश्मि देवी और पिंकी सिंह को सम्मानित किया गया, हुलाहूप गेम के विजेताओं में चांदनी सिंह, योगिता सिंह, इशुमतिया सिंह एवं बेस्ट डांस परफॉर्मेंस करने वाली बच्चियों के ग्रुप को भी सम्मानित किया गया।

# विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, यह कार्यशाला विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर विस्तृत चर्चा एवं विमर्श से नई शिक्षा प्रणाली में अधिक सुधार के लिए एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से युवा पीढ़ी अवगत होगी, इस उद्देश्य से रखी गई थी कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों के आगमन एवं मां सरस्वती के पूजन -अर्चन से हुआ सरस्वती वंदना के पश्चात अतिथियों का आत्मीय स्वागत विश्वविद्यालय परिवार के द्वारा किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए प्रोफेसर प्रमोद पांडे ने अपना उद्बोधन दिया और कहा कार्यशाला में भारतीय ज्ञान परंपरा में रसायन विषय के संगठनात्मक तत्वों और विचारों का परिचय होगा एवं वर्तमान आधुनिक समय में प्रचलित पाठ्यक्रम के संदर्भ में विमर्श होगा यह विमर्श नवीन शिक्षा के लिए अत्यंत प्रभावी होगा, ऐसा मेरा मानना है। भारतीय मनीषा में वेद वेदांत त्याग तपस्या न्याय निर्णय से युक्त शिक्षा पद्धति थी और उसे शिक्षा पद्धति के द्वारा व्यक्ति का सर्वांगीण विकास निश्चित था, किंतु इस परंपरा को हम छोड़ चुके हैं और अधुनातन परंपरा की शिक्षा में अपने आप को झोंक चुके हैं, वर्तमान समय पुनः उसी शिक्षा पद्धति को जागृत करने का है इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

प्रोफेसर महेंद्र भटनागर ने विषय प्रवर्तन के वक्तव्य को आगे बढ़ते हुए अपने विचार रखे और कहा कि रसायन विषय में भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध शोध प्रविधियां पर विमर्श और इन्हें परिमार्जित कर नवीन शोध प्रवृत्ति निर्माण करने पर विचार विमर्श होगा। एनईपी 2020 में रसायन शास्त्र के मुख्य गौड़ और वैकल्पिक विषयों के पाठ्यक्रम की समीक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा में उपस्थित तत्वों विचारों और सिद्धांतों तथा स्थान समाहित किए जाने के संदर्भ में तथ्यात्मक और तार्किक सुझाव इस कार्यशाला से प्राप्त होंगे जिन्हें विषय में सम्मिलित किया जा सकेगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा में रसायन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर प्रोफेसर रमेश चंद्र भारद्वाज, कुलगुरु ,महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय (कैथल) हरियाणा ,आभासी रूप से विषय विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने उद्बोधन में कहा कि विगत कुछ दशकों से भारत और भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति संपूर्ण विश्व का बौद्धिक जगत आकृष्ट दिखाई देता है, भारत में रसायन शास्त्र अति प्राचीन परंपरा रही है, पुरातन धातुओं के गुण व्यवहार तथा मिश्र धातुओं की अदभुत जानकारी उपलब्ध है, इन्हीं में रासायन में प्रयुक्त होने वाले सैकड़ो उपकरणों को भी विषय विवरण में मिलता है, भारतीय ज्ञान परंपरा में दर्शन और ज्ञान की एक महत्वपूर्ण और प्रभावी परंपरा रही है, जो ऐतिहासिक रूप से पश्चिम परंपरा की तुलना में अधिक प्राचीन समृद्धि और व्यापक है, प्राचीन भारत ने सैद्धांतिक समाज व्यावहारिक अनुप्रयोगों और प्रयोगशाला तकनीक की प्रगति के साथ रसायन विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला भारतीय ज्ञान परंपरा में रसायन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में हम बहुत कुछ सीखेंगे और उसे आने वाले कोर्स में सम्मिलित करेंगे।

प्रोफेसर राजकुमार आचार्य कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और अपने मुख्य अतिथि उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में रसायन विज्ञान और प्रौद्योगिकी की एक विशाल कैनवास पर उतरा हुआ विषय है भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध संदर्भ के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला जो मंथन होगा वह निश्चय ही इस देश और समाज के शिक्षा परंपरा के लिए एक मुख्य मंथन के रूप में उभर कर सामने आएगा हम अपनी शिक्षा में कुछ उन पुरानी परंपरा को भूल चुके हैं, जिन परंपराओं के द्वारा त्याग, संतोष ,संवेदना शिक्षा से प्राप्त होती थी वर्तमान समय व्यक्ति मशीन के रूप में काम कर रहा है इन परंपराओं को भूल चुका है और यह शिक्षा के लिए सबसे चुनौती पूर्ण बन चुका है जब हम उन परंपराओं को समाहित कर अपनी अद्भुत ज्ञान को से भारतीय मनीषा के अंतर्गत शिक्षा को जोड़ेंगे और और उसे अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर छात्रों तक पहुंच जाएंगे तो पुरानी शिक्षा पद्धति पुनः जागृत हो जाएगी और ज्ञान की एक निर्मल प्रवाहमयी गंगा का विस्तार होगा।

प्रोफेसर रामशंकर, कुलगुरु पण्डित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिकल्पना हमारे वैदिक और पुरातन शिक्षा पद्धति की परिकल्पना है और इसका रासायनिक प्रयोग सभी के समक्ष सिद्ध कर दिखाया सभी मंत्र मुग्ध रह गए, उन्होने कहा कि वर्तमान रिसर्च से पता चला है कि उच्चारण मात्र से कैंसर सेलो में बृद्धि नही होती और उनका शरीर मे दुष्प्रभाव रुक जाता है। हम वर्तमान समय मे अभ्यन्तर की यात्रा से विलग बाह्य यात्रा में फसे हुए है, इसलिए मूल विन्दुओं से विलग है, सबकुछ हमारे मन और मस्तिष्क में भरा है बस उसे समझने की आवश्यकता है। प्रो.अर्पण भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में विषय की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की और मप्र सरकार द्वारा संचालित कार्यशाला के विषय मे अभिव्यक्ति और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रो. आशीष तिवारी कुलसचिव द्वारा सभी आगन्तुको प्रतिभागियों का आभार ज्ञापित किया गया।

## कमिश्नर, एडीजीपी एवं कलेक्टर ने कृषि यंत्रों का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद, एडीजीपी डी.सी.सागर एवं कलेक्टर तरुण भटनागर ने आज कृषि अभियांत्रिकी परिसर शहडोल में कृषि यंत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने कृषि अभियांत्रिकी परिसर में रखे कृषि यंत्रों की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित संयुक्त संचालक कृषि जेएस पेन्द्राम ने कमिश्नर को कृषि यंत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक कृषि को निर्देश दिए की वह किसानो को कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी दें,तथा किसानों को कृषि यंत्रों के संचालन हेतु प्रशिक्षण भी कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की किसानों को कृषि से जुड़े किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, उप संचालक कृषि आरपी झारिया सहित अन्य कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुणवत्ताविहीन बने सड़क पर पानी ही पानी

**कोतमा।** नगर पालिका के द्वारा वार्ड क्रमांक 7 हुंडई शोरूम के पास से बूढी माता मंदिर को जाने वाली सड़क का डामरीकरण का कार्य लगभग 6 से 7 माह पूर्व करवाया गया था लेकिन ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता विहीन सड़क का निर्माण कार्य किया गया जिसके कारण सड़क में बारिश होने पर पानी भर जाता है जिसके कारण सड़क की गुणवत्ता को लेकर रहवासी सवाल खड़ा करते नजर आ रहे हैं। एक ओर प्रदेश के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल नगर पालिका क्षेत्र में नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं कि जो भी निर्माण कार्य हो उसमें गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए यदि गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जाता है तो उसे ठेकेदार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाए दूसरी ओर नगर पालिका क्षेत्र में डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा किया गया है वह गुणवत्ता विहीन कार्य कराया गया है। यदि सड़क



पर ऐसे ही पानी भरता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब यह सड़क उखड़ने लगेगी और सड़क पर जगह-जगह गड्ढे नजर आएंगे। जबकि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा ठेकेदार को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए सड़क का निर्माण कार्य करवाए जाने की बात कहती है और सड़क के मेंटेनेंस का कार्य ठेकेदार के द्वारा 3 साल तक किया जाएगा ऐसा नगर पालिका के द्वारा कहा गया था लेकिन गुणवत्ता विहीन सड़क में बारिश होने पर पानी भर जाता है सड़क चलने लायक नहीं रहती है। रहवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से सड़क की गुणवत्ता की जांच करवाए जाने की मांग करते हुए सड़क में भर रहे पानी की निकासी की व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है।

# वार्ड नम्बर 9 में सफाई नहीं होने से वार्डवासी परेशान

**बिजुरी।** इन दिनों बिजुरी के वार्ड क्रमांक 9 में साफ सफाई को लेकर नगर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वार्ड के कई मोहल्लों की गलियों व नालियों में गंदगी बजबजाने लगी है। गंदगी से उठने वाली बदबू से लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो गया। वार्डवासी सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षद से शिकायत भी कर चुके हैं। जिसके बाद भी वार्ड का हाल जस का तस है। एक ओर नगर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा जोर-शोर से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। तो दूसरी ओर नगर में गंदगी से लोग परेशान हो रहे है।

स्वच्छता कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है। नगर के विभिन्न वार्डों में कई गलियां ऐसी हैं, जहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसे नगर पालिका के अधिकारियों ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। नगरवासी कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। गौरतलब है कि नगरपालिका द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया था और लोगों से अपील की गई थी कि गंदगी न फैलाएं, लेकिन हकीकत में नगर पालिका में केवल दिखावे के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। वार्डों में फैली गंदगी से किसी भी अधिकारी का कोई सरोकार नहीं है। वार्ड क्रमांक 9 के कुछ गलियों में न तो नियमित रूप से झाड़ू लगवाई जाती है और न ही नालियों से कचरा निकलवाया जाता है। गंदगी और दुर्गंध से परेशान वार्डवासी कई बार नगर पालिका के अधिकारियों को लिखित



आवेदन दे चुके हैं। लेकिन अभी तक नियमित सफाई शुरू नहीं हो सकी है।

### जिम्मेदार नहीं करते हैं मानिटरिंग

नगर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए लाखों रुपए खर्च कर स्वच्छता अभियान चलाया जाता है और निरीक्षण के लिए स्वच्छता टीम भी आती है। लेकिन नगर पालिका द्वारा स्वच्छता टीम को उसी जगह ले जाया जाता है, जहां सफाई रहती है। टीम चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर चली जाती है।

# 10 मीटर धंस गई भ्रष्टाचार के लेप से तैयार हुई सड़क व नाली

**कोतमा।** नगर पालिका के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 8 विकास नगर भालूमाड़ा रोड में ठेकेदार के माध्यम से नाली निर्माण कार्य करवाया गया था और ठेकेदार के द्वारा नाला निर्माण करने के बाद उसे पर मिट्टी डाल दिया गया था। गुरुवार को लगभग 3 घंटे तेज बारिश होने के कारण उसे नाले के ऊपर मिट्टी में पानी भर गया जिसके कारण मिट्टी धस गई और उसके साथ ही नगर पालिका के द्वारा कायाकल्प योजना के तहत बनवाए गए डामरीकरण सड़क भी



धस गई जिसके कारण सड़क भी लगभग 10 मीटर बैठ गई। इससे इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि ठेकेदार के द्वारा कितनी गुणवत्ता युक्त सड़क का निर्माण कार्य किया गया है जब यह हाल पहली ही बारिश के शुरूआत की है तो अभी तो पूरी बरसात बाकी है निर्माण कार्य का क्या हाल होगा इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। शुक्रवार को नगर पालिका के द्वारा सड़क के किनारे पड़ी मिट्टी को जेसीबी के माध्यम से उसे जगह पर मिट्टी डलवाने का कार्य करवाया जा रहा था। आसपास के लोगों ने बताया कि गुरुवार को ही तेज बारिश के कारण नाली के ऊपर डाली गई मिट्टी धस गई जिसके कारण सड़क भी कुछ टूट कर बैठ गई है जिसके कारण दुर्घटना घटित होने का अंदेशा भी आसपास के रहवासियों सहित आवागमन करने वाले को होने का बना हुआ है।

## कल निकलेगी भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा

कोतमा। जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ की कहावत को चरितार्थ करते हुए पंचायती मंदिर से कल 8 जुलाई को भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जावेगी। रथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही है। आयोजन समिति के अनुसार इस वर्ष भी जगन्नाथ रथ यात्रा शाम को 4 बजे पंचायती मंदिर से रथ यात्रा निकाली जावेगी। यह रथ यात्रा नगर में भ्रमण करने के पश्चात पंचायती मंदिर में संपन्न होगी। रथ में भगवान जगन्नाथ के साथ भाई बलराम और बहन सुभद्रा भी विराजमान रहेगी। इस रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ लगी रहती है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से इस रथ यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभअर्जित करने की अपील की है।

# गंदगी के बीच जीवन यापन कर रहे कॉलोनीवासी

**कोतमा।** एसईसीएल की आवासीय कॉलोनियों में नियमित सफाई का अभाव बना हुआ है। मानसून सीजन के पूर्व बड़े नालों के साथ ही नालियों में सफाई अभियान नहीं चलाया गया। श्रमवीरों का कहना है कि गोविंदा लहसुई कॉलोनी हर जगह कालरी प्रबंधन के द्वारा सफाई कार्य नहीं करवाया गया। सफाई के अभाव में लोग दुर्गंध हुआ अर्थव्यवस्था के बीच गुजर बसर करने को मजबूर है। कॉलोनी में जगह-जगह जमीन व नदी किनारे घास फूंस का अंबार लगा हुआ है। नतीजा घरों में मच्छरों का आतंक लोगों के लिए सर दर्द बना हुआ है। कॉलोनी में पानी बिजली व सड़कों की देखरेख का जिम्मा कालरी प्रबंधन का है। कॉलोनी में ही एक मेडिकल डिस्पेंसरी संचालित है जहां पर श्रमवीरों को नियमित सुबह-शाम चिकित्सा की लाभ की व्यवस्था है। उसके आसपास भी गंदगी भरी पड़ी है। गोविंदा व लहसुन कैंप कालोनी में बदहाली के बीच श्रमवीरों का परिवार रहने को मजबूर है। इन कॉलोनी में सबसे ज्यादा शिकायत नाली की नियमित सफाई



को लेकर है बताया गया है कि प्रबंधन द्वारा ठेके के माध्यम से सफाई की व्यवस्था निश्चित की गई है। लेकिन ठेकेदार के द्वारा इन कॉलोनी में साफ सफाई नहीं करवाई जाती है जिसके कारण इन कॉलोनीयों में जगह-जगह गंदगी जमा है जगह-जगह कचरा का ढेर लगा हुआ है बड़ी-बड़ी झाड़ियां के साथ ही गाजर घास भी उगे हुए हैं। बारिश का मौसम होने के कारण कचरे का ढेर लगा है जिससे दुर्गंध आ रही है।

### दो पाट में फंसा सफाई कार्य

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 एवं 13 जो की जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत आता है और इन कॉलोनियों की सफाई व्यवस्था का जिम्मा कालरी प्रबंधन का है। जबकि कोल प्रबंधन के द्वारा सफाई के नाम पर हर साल लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उसके बाद भी सफाई की व्यवस्था ज्यों कि त्यों बनी हुई है। वर्तमान में नगर पालिका के द्वारा कॉलोनी में सफाई कर्मचारियों के माध्यम से सफाई करवाई जा रही है। अगर कालरी प्रबंधन के द्वारा सफाई का जिम्मा नगर पालिका को दे दिया जाए तो व्यवस्था दुरुस्त हो सकती है लेकिन सफाई व्यवस्था दो पाटो में फंसी हुई है, जिसके कारण कॉलोनी में अवस्थाएं बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### बाजे गाजे के साथ जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा आज

**बुढार।** रविवार 7 जुलाई को श्रीराम जानकी मंदिर से शांय 4 बजे संगीत मय वातावरण में में भागवन जगन्नाथ स्वामी रथयात्रा मंदिर से तीन दिवसीय प्रवास पर जनकपुरी के लिए रवाना होंगे। मंदिर के महंत श्रीराम बालक दास महाराज जी ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 जूलाई को भगवान जगन्नाथ, भाई बलदाऊ, बहन सुभद्रा मैया सुसज्जित रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगें जो रेलवे मार्केट होते हुए टाकीज मार्ग, दीक्षित फंड, बनियान टोला शारदा मंदिर होते हुए स्व अच्छे लाल नायक के निवास पर तीन दिवस विश्राम करेंगे, उसके उपरांत बुधवार को वहां से वापस लखेरन टोला, जैन मंदिर रोड होते हुए वापस पुनः मंदिर पहुंचेगी। महंत श्रीराम बालक दास जी ने समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि अत्यधिक संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ अर्जित करें। रथयात्रा में संगीत मय मंडली के द्वारा जगह जगह भजन कीर्तन करते हुए रथयात्रा में चलेंगे एवं रथयात्रा का जगह-जगह स्वागत पुजा अर्चना भक्तों के द्वारा की जायेगी

### कालरीज वर्कर्स साख सहकारी समिति की चुनाव प्रक्रिया आरंभ




**धनपुरी।** बुढार एंड अमलाई कालरीज वर्कर्स साख सहकारी समिति मर्यादित धनपुरी की चुनाव को लेकर प्रथम सदस्यता की सूची 2 जुलाई को प्रकाशित किया गया है। बहोत जल्द दूसरी सूची जारी कि जाएगी। किन्हीं कारणों से सोसायटी भांग हो जाने से डेढ़ साल से प्रशासक के देखरेख में शुचारू रूप से सोसायटी संचालित थी। जो 30 जून को प्रशासक भी रिटायर हो गए। बुढार एंड अमलाई कालरी वर्कस साख सहकारी समिति मर्यादित 11 सदस्यीय संचालक मंडल चुनाव के लिए बहुत जल्द चुनाव की तारीख आने वाली है। यह चुनाव हर 5 साल में होता है। निर्वाचन अधिकारी के रूप में एएल गुप्ता की नियुक्ति हो गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके पूर्व चुनाव में 11 सदस्यीय निर्वाचित हुए थे इस बार के चुनाव में 1-2 सदस्य को छोड़कर सभी सदस्यों के नए चेहरे होंगे क्योंकि वो सदस्य कुछ महीनों तो कुछ वर्षों में रिटायरमेंट हो जाएंगे। चुनाव हर 5 साल में होता है। कालरी कर्मचारी क्रेडिट सोसायटी से जुड़े लगभग 4 हजार अंश धारक ही इस चुनाव में भाग ले सकते हैं।

### विधानसभा संयोजक ने की डिप्टी सीएम से मुलाकात



**ब्यौहारी।** ब्यौहारी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने भोपाल प्रवास के दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से उनके निवास पर मुलाकात कर क्षेत्र के विकास के संबंध में बातचीत किया जगदीश देवड़ा शहडोल संभाग के समस्याओं से अवगत कराते हुए बजट के विषय ढेर सारी बधाई एवं समस्याओं को एवं समस्याओं के संबंध में अवगत कराते हुए सौजन्य भेंट की गई जिसमें मनमोहन चौधरी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अजा मोर्चा एवं शत्रुघ्न पटेल कोषाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपस्थित रहे।

### भारतीय मानवाधिकार ने किया वृक्षारोपण

**रीवा।** रीवा जिले में मानवाधिकार एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष मोहित मिश्रा द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया जिस कार्यक्रम में प्रदेश संगठन सचिव रामपाल नामदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रदेश कृषि संरक्षक सुधाकर पाण्डेय, प्रदेश सचिव नरेन्द्र कुमार शर्मा, प्रदेश कल्याण अधिकारी डॉ.रजनीकान्त मिश्रा, जिला प्रभारी लवकुश गुप्ता, महासचिव पारश शुक्ला, डॉ.सुरेश प्रसाद मिश्रा, राजेश भल्ला, हनी उप्पल, राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# ख़ुशी मातम में बदली, क्रेशर के पास ट्रेलर-ऑटो भिड़ंत में चार की मौत

**शहडोल। बुढार थाना के एन एच पर बीतें शुक्रवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ है, ट्रेलर ने ऑटो को ठोकर मार दी इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई दो की हालत गंभीर बनी हुई है।**

जानकारी के अनुसार अनूपपुर से शहडोल की ओर ट्रेलर आ रहा था और शहडोल से ओपीएम की ओर ऑटो जा रही थी जिसमें आमने-सामने भिड़ंत हो गईर्। ऑटो में कुल 6 लोग सावर थे जिसमें दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, एवं दो महिलाओं की मेडिकल कॉलेज में मौत हुई है।घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मेडिकल कॉलेज 108 एंबुलेंस के सहारे भेजा गया है। बुढार थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑटो और ट्रेलर में आमने-सामने भिड़ंत हुई है। घटना एनएच 43 के रुंगटा - पकरिया गांव के क्रेशर के बीच की है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी थी थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजा जहां दो लोगों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि मौके पर ही दो महिलाओं ने दम तोड़ दिया था और चार घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया था जिसमें दो अन्य महिलाओं ने भी मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया है। घटना के बाद ट्रेलर क्रमांक आर जे,26 जी ऐ 7250 चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने वाहन को जप्त कर लिया , पुलिस के अनुसार ट्रेलर में गिट्टी लोड है। घटना के बाद एनएच 43 में कुछ देर के लिए जाम लग गया था पुलिस मौके पर पहुंची और जाम को खुलवाया है। मौके पर एडीजीपी डीसी सागर पहुंचे और फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए 30 हजार का इनाम घोषित किया है।



# अब बीमारी शिकार बनाएगी अपना

**धनपुरी।** लगभग 20 वष पूव 2004 स नगर का जनता शुद्ध पेयजल का सपना देख रही है जो अभी भी अधूरा ही है। आज भी ऐसे कई वार्ड है जहां वर्षा रितु में ब्लीचिंग पाउडर युक्त पानी भी नसीब नहीं होता फिल्टर पानी तो सपना बनकर रह गया है। वार्ड नंबर 5 में लगभग 45 लाख रुपये की लागत से आनन-फानन में ठीहा कुआं स्थिर फिल्टर प्लांट की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि नगर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी नगरवासी को यह उम्मीद जागी की अब उन्हें पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सकेगा लोगों का यह सपना दो दशक बाद भी साकार नहीं हो सका क्योंकि उक्त फिल्टर प्लांट 1 दिन भी नहीं चल सका और आज भी फिल्टर प्लांट का ढांचा ज्यों का त्यों खड़ा है जंग खाती नगर वासियों,व प्रशासन को मुंह चिढ़ाती नजर आ रही हैं।



### स्वास्थ्य पर बुरा असर

बरसात का मौसम आ चुका है, नगरपालिका द्वारा पाइप लाइन के माध्यम से घर घर पेयजल की व्यवस्था नगर वासियों के लिए की गई है और नगर के अधिकांश वार्डों में सीधे पाइपलाइन के माध्यम से पानी सप्लाई की जाती है। खदान से पाइप लाइन के माध्यम से पहले कुएं में पानी गिराया जाता है और कुए से पाइप लाइन के माध्यम से सीधे वार्डों के घर घर पानी सप्लाई की जा रही है। और इस प्रकार जल जनित बीमारियों की सप्लाई नगर पालिका के द्वारा वार्डों में की जा रही है जिससे वार्ड वासियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

### ब्लीचिंग कौन डकार रहा

नगर पालिका का चुनाव के पूर् देखा जाता था ब्लीचिंग पाउडर व टेबलेट की गोली पानी सफाई शुद्ध करने के लिए दिन में दो बार डाली जाती थी लेकिन चुनाव के बाद से ब्लीचिंग पाउडर या टेबलेट कुएं में नहीं डाली जाती खदान के पानी की सीधे सप्लाई की जाती है। बरसात के दिनों में जल जनित पानी की सप्लाई वार्ड में होने के चलते वार्डवासियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। वार्ड वासियों सुजीत जैन, बबलू, विजय, अनिल, सुनील, रावेन्द्र ने बताया कि पानी सप्लाई में जब ब्लीचिंग पाउडर डाला जाता है तो ब्लीचिंग का पानी पर महक आती है यानि बिना दवा डाले वार्ड में पानी सप्लाई हो रही है।

### श्रीमान कहा रखा है ब्लीचिंग

बताया जाता है कि ब्लीचिंग पाउडर कीटनाशक दवाई क्रय की गई है फिल्टर प्लांट स्टोर में रखा है लेकिन वर्षा ऋतु में भी ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग नहीं किया जा रहा है। अब ब्लीचिंग पाउडर पानी सप्लाई में डालने के लिए जिम्मेदार श्रीमान जी को कौन याद दिलाएगा ब्लीचिंग पाउडर पानी में डालना है।



# हनुमना के स्वास्थ्य सूचकांकों को शत-प्रतिशत पूरा करें - डॉ. गौतम

**रीवा।** मऊगंज जिले का हनुमना विकासखण्ड आकांक्षी विकासखण्ड योजना में शामिल है। हनुमना विकासखण्ड में 30 सितम्बर तक नीति आयोग द्वारा निर्धारित 6 बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ केबी गौतम ने हनुमना में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित हनुमना विकासखण्ड के स्वास्थ्य सूचकांकों को शत-प्रतिशत पूरा करें। छूटे हुए सभी शिशुओं का संपूर्ण टीकाकरण कराएं। गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन करके उन्हें समय पर स्वास्थ्य जाँच तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से पूरक पोषण आहार प्रदान करें। डॉ गौतम ने कहा कि आकांक्षी विकासखण्ड में संपूर्णता अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मंगल भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आने वाले सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच करें। जाँच में किसी भी तरह की बीमारी के लक्षण पाए जाने पर पीड़ित को समुचित उपचार दें। मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय करें। शिविर में आने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं। डॉ गौतम ने सभी ग्रामों में दवाओं के भण्डारण, वर्षाजनित रोगों से बचाव, परिवार कल्याण कार्यक्रम तथा गर्भवती महिलाओं के देखभाल के संबंध में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। बैठक में संभागीय समन्वयक पवन बारी, जिला समन्वयक सूर्या पाठक, बीएमओ डॉ नागेन्द्र मिश्रा, एएनएम तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आज मनाई जायेगी पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्य तिथि

**शहडोल।** प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्र शेखर जी की पुण्यतिथि तिथि 8 जुलाई को कानस्टिच्यूशन क्लब नई दिल्ली में मनाया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह ने आगामी 8 जुलाई को देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चन्द्र शेखर जी की पु ण य ति थि कानस्टिच्यूशन क्लब नई दिल्ली के स्पीकर हाल एनेक्सी में मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सांसद श्री आनंद मोहन सिंह होंगे। ज्ञातव्य है कि इस बार आनंद मोहन सिंह की पत्नी श्रीमती लवली आनंद चुनाव लोक सभा की सदस्य निर्वाचित हुई हैं। देशभर से स्व.चन्द्र शेखर के प्रमुख समर्थकों/अनुयायियों को इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। इसी कड़ी में हिन्द मजदूर सभा मध्यप्रदेश के सचिव, कोयला मजदूर पंचायत (एच एम एस) के केन्द्रीय महामंत्री विनय सिंह को भी आमंत्रित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में विनय सिंह भी शामिल होंगे। वर्तमान में अ ल ग - अ ल ग राजनीतिक दलों में चन्द्रशेखर जी के अनुयायी मौजूद है। सभी प्रमुख समर्थक/अनुयायी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। राजनेताओं के अतिरिक्त की जाने माने पत्रकार व बुद्धजीवी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी पत्र प्रतिनिधियों को विनय सिंह द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।



# रिश्वत नहीं मिली तो खारिज कर दिया प्रकरण

**उमरिया। शासन और प्रशासन के वफादार समझे जाने वाले लोक सेवक अब अपनी प्रशासनिक गरिमा और अनुशासन भूलकर अराजकता अख्तियार करते नजर आते हैं। वे पक्षकारों और नागरिकों से रिश्वत मांगने और फिर शिकायत होने पर उनसे मारपीट करने जैसे कृत्य कारित करने पर भी गुरेज नहीं करते हैं। इसका एक उदाहरण ताला सर्किल के नायब तहसीलदार रवीन्द्र पटेल की कारस्तानियों से सामने आया है। उन्होने पहले तो रिश्वत मांगा जब उनकी शिकायत हुई तो वे आक्रामक हो उठे। उनका यह मामला आज जगह जगह चर्चा का विषय बना हुआ है।**



### मांग रहे थे रिश्वत

बताया गया कि ताला सर्किल के नायब तहसीलदार रविंद्र पटेल ग्राम सुखदास निवासी चुन्नी लाल साहू से नामातंरण के लिए 10 हजार रुपए की मांग कर रहे थे। लेकिन असमर्थ काश्तकार ने उन्हे रिश्वत देने से इंकार कर अपनी लाचारी बतलाई। लेकिन वे सुनने को तैयार नहीं थे। काश्तकार चुन्नी लाल साहू ने बताया कि नामांतरण के लिए आवेदन पेश किया गया था। इस प्रकरण के निपटारे के लिए पैसे मांगे जा रहे थे। नहीं देने पर प्रकारण को खारिज कर दिया गया था।

### शिकायत से विचलित हो उठे

प्रकरण खारिज किए जाने के विरोध में चुन्नी लाल ने सीएम हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज करवाई थी। जो कि नायब तहसीलदार को नागवार गुजरा। पहले तो उन्होने चुन्नी लाल पर शिकायत कटवाने के लिए दबाव डाला और जब उसने अपनी शिकायत वापस नहीं ली तो उसे कार्यालय में बुलाकर उसका मोबाइल छीन लिया और उसकी शिकायत को कटवा दिया। जानकारी तो यहां तक दी जा रही है कि उसे नायब तहसीलदार अपने कमरे में ले गए और उससे मारपीट की। चुन्नी लाल के परिजनों ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया।

### काश्तकार से मारपीट भी की, नायब तहसीलदार की खुली पोल





### कैमरे में चली शूटिंग

इस मामले की वीडियो वायरल हो गई। जिसमें नायब तहसीलदार चुन्नीलाल की बांह पकडक़र उसे खींचते हुए कमरे में बंद करते और उसे धमकाते हुए दिखे। इस घटना से हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। किसी अधिकारी का एक काश्तकार के साथ ऐसा कृत्य करना न केवल अशोभनीय है बल्कि सिविल सेवा आचरण के भी विरुद्ध है। घटना की सर्वत्र निंदा की जा रही है। साथ ही किसानों में धीरे धीरे रोष व्याप्त हो रहा है।

### इनका कहना है...

इस मामले की संपूर्ण जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

**धरणेन्द्र कुमार जैन**
**कलेक्टर, उमरिया**

## आवारा पशुओं को सड़कों से हटाकर गौशालाओं में भिजवाएं

# लोगों की शिकायतों का समय सीमा में करें निराकरणः कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि समस्त शासकीय कार्यालय अपने नियत समय में खुलें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने कार्यालय को समय पर एवं अपनी अधीनस्थ आने वाली समस्त कार्यालयों को कार्यालय के नियत समय में खुलने हेतु निर्देशित करें तथा समस्त कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी नियत समय में कार्यालय पहुंचे। कमिश्नर बी.एस . जामोद ने संभाग के तीनों जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि वे कार्यालयों का निरीक्षण करें तथा समय पर उपस्थित न होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही करें। कमिश्नर श्री जामोद ने कमिश्नर कार्यालय शहडोल के सभागार में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।कमिश्नर श्री जामोद ने कलेक्टर श्री भटनागर से लोगों द्वारा जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली। जिस पर कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने जानकारी से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा जन आकांक्षा पोर्टल में की जाती है। उन्होंने बताया कि ज्यादा से




ज्यादा लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण करने के प्रयास किए जा रहे है। कलेक्टर तरुण भटनागर ने कमिश्नर श्री जामोद को जानकारी देते हुए बताया कि शहडोल जिलों में जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ कलेक्टर शहडोल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर एवं फेसबुक में भी प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जाता है एवं इसकी साप्ताहिक समीक्षा भी की जाती है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जो भी शिकायतें आती हैं उन शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर दिया जाता है एवं शिकायत के निराकरण हेतु समय-सीमा भी तय की जाती है।कमिश्नर श्री जामोद ने अधिकारियों को निर्देश दिए की लोगों की शिकायतें एवं समस्याओं के निराकरण करने हेतु अपने-अपने स्तर पर नवाचार करने का प्रयास करें । उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कुछ शिकायतें जैसे पेयजल से संबंधित, शिक्षा से संबंधित, खाद्यान्न से संबंधित, मेडिकल से संबंधित तथा अन्य कुछ सामान्य शिकायतें जिनका शीघ्र निराकरण करना संभव हो उन शिकायतों को तीन दिन के अंदर निराकरण करने हेतु कार्यवाही करें। कमिश्नर श्री जामोद ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अधिकारी शिकायतों के निराकरण करने हेतु क्षेत्र का भ्रमण करें एवं शिकायत निराकरण करने के लिए शिविर का भी आयोजन करें।कमिश्नर ने बाढ़ से बचाव हेतु उपाय करने के भी निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि ऐसे क्षेत्र जहां अत्यधिक वर्षा की वजह से बाढ़ आने की संभावना हो उन क्षेत्रों का भ्रमण कर ले, तथा लोगों को इसके लिए सतर्क भी करें। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने बारिश के मौसम में पशुओं में होने वाली बीमारियों से बचने हेतु लगाए जा रहे टीकों की भी जानकारी ली। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि शहडोल संभाग के तीनों जिले में पशुओं के टीकाकरण का कार्य तेजी से करें, तथा संभाग स्तर एवं जिला स्तर के अधिकारी पशुओं के टीकाकरण की सतत रूप से समीक्षा भी करें तथा टीकाकरण हेतु क्षेत्र में भी जाएं एवं टीकाकरण का कार्य तेजी से कराएं। कमिश्नर यह भी निर्देश दिए हैं कि सडक़ों में घूमने वाले आवारा पशुओं को सडक़ों से हटाए। उन्होंने कहा है कि सडक़ों में घूमने वाले पशुओं की वजह से कई घटनाएं देखने को मिलती है। पशुओं को बचाने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं एवं बड़ी दुर्घटना हो जाती है इसके लिए कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि आवारा पशुओं को निकटतम गौशालाओं एवं कांजी हाउस में भिजवाने की कार्यवाही करें। जिससे आवारा पशुओं की वजह से होने वाली घटनाओं न हो सके। कमिश्नर ने मेडिकल कॉलेज शहडोल में प्राप्त सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की भी जानकारी ली। जिस पर डीन मेडिकल कॉलेज शहडोल डॉक्टर गिरीश बी. रामटेके ने कमिश्नर को जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज शहडोल में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है तथा मेडिकल कॉलेज के समस्त स्टाफ समय पर उपस्थित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नपे नायब तहसीलदार संभागायुक्त ने किया निलंबित



अनूपपुर। जिले में कलेक्टर के प्रतिवेदन पर प्रभारी नायब तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया है। वृत्त बिजुरी तहसील कोतमा राजेंद्र दास पनिका के पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही पाए जाने पर संभाग आयुक्त बीएस जामोद ने उन्हें निलंबित कर दिया है। मप्र सिविल नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक, 22 मई 2024 को कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के प्रतिवेदन पर प्रभारी नायब तहसीलदार वृत्त बिजुरी तहसील कोतमा ने स्वेछा पूर्वक मनमानी रूप से शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के विपरित किया जाना पाए साथ ही लंबित प्रकरणों के निराकरण में तत्परतापूर्वक कार्रवाई नहीं किए जाने के साथ ही कार्यालयीन पत्र क्रमांक 3736, 6 जून 2024 को जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया। इसके अलावा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में विधि विरूद्ध अधिकारिता विहीन आदेश पारित करने और शासन के निर्देशों का पालन न करते हुए पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही करने पर मप्र सिविल सेवा नियम 1965 के नियम 3 के विपरित होने से दंडनीय पाया गया था। जहां कलेक्टर के पत्र और प्रतिवदेन के आधार पर कमिश्नर शहडोल ने मप्र सिविल (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत राजेंद्र दास पनिका तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय नियत किया है निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### जिला चिकित्सालय का अपर कलेक्टर ने लिया जायजा



अनूपपुर। अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित नवीन भवन का जायजा लिया तथा मुख्य मार्ग की ओर रोगी कल्याण समिति के माध्यम से दुकानों का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय परिसर के डिस्मेंटल भवनों को हटाने की कार्यवाही करने तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत क्रय किए गए उपकरण का अवलोकन किया। उन्होंने उपकरणों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. अवधिया, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एस बी अवधिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. सोनी उपस्थित थे। अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने जिला चिकित्सालय की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सफाई की और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू, पीकू, लेबर वार्ड का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान आवश्यक होने पर ही गर्भवती माताओं के रेफरल केस बनाए जाने के निर्देश दिए।

### जिले में 3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षा मापी केन्द्र अनूपपुर में 0.8, जैतहरी में 1.2, वेंकटनगर में 1, पुष्पराजगढ़ में 2.6, अमरकंटक में 13.2 तथा बेनीबारी में 5.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र कोतमा तथा बिजुरी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### बैंक खाते को आधार से लिंक करवाएं

अनूपपुर। राज्य शासन द्वारा समस्त विभागों को राज्य प्रायोजित डीबीटी योजनाओं में हितग्राहियों की पहचान के लिये मुख्य रूप से आधार का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के परिपालन में मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में पारदर्शिता के लिये निर्माण श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं के आवेदन के समय ई-केवायसी तथा योजनाओं अंतर्गत हितलाभ वितरण आधार आधारित भुगतान प्रक्रिया के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है।

# 32 नग बैटरी चोरी के मामले सिंकू कबाड़ी सहित 8 आरोपी गिरफ्तार

## कबाड़ियों व बैटरी दुकान को बेचा गया था रांगा, आरपीएफ ने किया जप्त

## प्रशासनिक जिम्मेदारों के सह पर फैलाया अवैध कबाड़ का मकड़जाल





आम रास्ते पर अवैध कब्जा कर जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन के पास अवैध तरीके से संचालित कबाड़ दुकान के फरार चल रहे संचालक सिंकू कबाड़ी को रेलवे पुलिस ने 32 नग बैटरी चोरी के मामले में धर दबोचा है। बैटरी चोरी मे रेलवे पुलिस ने रेल संपत्ति अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सभी 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके ठिकाने पहुंचा दिया है जिससे स्पष्ट हो गया कि प्रशासनिक जिम्मेदारों के सह पर फैलाये गये अवैध कबाड़ मे लगभग हर काम अवैध ही होते हैं।

अनूपपुर।

रेलवे स्टेशन अनूपपुर के प्लेटफार्म क्रमांक 1 से पुराने रेलवे पैनल रूम से 32 नग बैटरी चोरी के मामले में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 7 आरोपियों 26 वर्षीय रवि डोमार पुत्र मोहन डोमार, सुजीत हरिजन पिता सुभाष हरिजन उम्र 26, तीरथ प्रसाद पिता दयाराम राजे उम्र 27 वर्ष, 26 वर्षीय विनोद गायकवाड़ पुत्र अंकुश गायकवाड़ एवं 19 वर्षीय सतीश डोमार पुत्र रमेश डोमार सभी निवासी वार्ड क्रमांक 2 अनूपपुर एवं 34 वर्षीय मो. ईसहाक अंसारी पिता लतीफ अंसारी निवासी मस्जिद रोड़, 39 वर्षीय मो. शफी अफतारी पिता साईद अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया था वहीं वार्ड क्रमांक 4 में संचालित कबाड़ की दुकान से सिंकू गुप्ता फरार हो गया था, जिसे रेलवे पुलिस ने 4 जुलाई को पकड़ते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (अ) रेल संपत्ति अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने सभी बैटरी को तोडकर निकाले गए रांगा को बैटरी की दुकान एवं कबाड़ी को बेचा गया था, जिस पर पुलिस ने टूटे हुए बैटरी का कवर सहित रांगा जप्त किया है।

### सभी आरोपी हुये गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार 2 जुलाई को सीनियर सेक्शन इंजीनियर द्वारा रेल सुरक्षा बल अनूपपुर में शिकायत दर्ज कराई कि सिग्नल विभाग की रिलीज बैटरी जिसे रेलवे स्टेशन के पुराने पैनल रूम के बगल से रखा गया था जो चोरी हो गया। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक एवं अपराध गुप्तचर शाखा अनूपपुर ने मामले की जांच कर 8 आरोपियों को पकड़ा जिसमें 5 चोरी के आरोपी जिनमें रवि डोमार, सुजीत हरिजन, तीरथ प्रसाद राजे, विनोद गायकवाड़ एवं सतीश डोमार ने मिलकर बैटरी चोरी की थी, जिन्हे पकड़ते हुए पूछताछ के दौरान आरोपियों ने उक्त 32 नग बैटरी की चोरी कर पटौरा टोला स्थित नाला के पास झाडियों में तोडकर उसके अंदर से निकला रांगा कल्लू बैटरी की दुकान एवं सिंकू कबाड़ी के पास बेचना बताया, जिस पर रेलवे पुलिस ने बैटरी दुकान पहुंचकर दुकान से 115 किलो रांगा जप्त करते हुए ईसहाक अंसारी को गिरफ्तार करते हुए पूछताछ में बताया कि लोगो द्वारा कुछ दिन पूर्व उसे 95 किलो रांगा बेचा था, जिसे उसने शहडोल स्थित एक ऑटोबाइल में बेचा था, जिस पर पुलिस ने ऑटोबाइल दुकान से 95 किलो रांगा जप्त कर मो. शफी अफतारी पिता साईद अहमद को गिरफ्तार किया। रेलवे पैनल रूप में रखी 32 नग बैटरी चोरी के मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, वहीं बैटरी तोडकर रांगा खरीदने वाले सिंकू गुप्ता मौके से फरार हो गया था, जिसके बाद रेलवे पुलिस उसकी पतासाजी में जुट गई और 4 जुलाई को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके कब्जे से रांगा जब्त करते हुए कार्यवाही की गई।

### आम रास्ते पर किया अवैध कब्जा

अनूपपुर जिला मुख्यालय को दो हिस्सों में रेलवे ट्रैक बांटती है। एक ओर न्यायालय, अस्पताल, तहसील, इंदिरा तिराहा, शंकर मंदिर चौक, अमरकंटक तिराहा जैसे व्यस्ततम क्षेत्र आते हैं तो वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशन, सब्जी मंडी, बस स्टैण्ड, कलेक्ट्रेट सहित अन्य व्यस्त क्षेत्र शामिल हैं रेलवे स्टेशन में अमरकंटक तिराहा की तरफ से आने वाले यात्री उक्त मार्ग का उपयोग करते हैं वजह अंडर ब्रिज ही एकमात्र विकल्प बना हुआ है। ऐसे में जब यात्री अपने वाहन अथवा पैदल उक्त कबाड़ ठीहे के सामने से गुजरते हैं तो वहां का मंजर देख हथप्रभ हो जाते हैं। लगभग आधे से अधिक सडक में कबाड़ के सामान बिखरे रहते हैं तो वहीं सडक मार्ग को जाम कर लोडिंग अनलोडिंग करते बड़े ट्रक आसानी से मिल जाते हैं, तब यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और वे सोचने को मजबूर होते हैं कि आखिर जवाबदार चुप क्यों हैं?

### प्रशासनिक सह पर फैलाया मकड़जाल

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय में रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर एक कबाड़ की ठीहा है जिसे सिंकू कबाड़ी के नाम से जाना जाता है। इसके द्वारा रेलवे की सडक पर ही अपना कबाड़ रखने का क्रम वर्षो से संचालित है जिस पर यातायात, पुलिस व नगरपालिका का प्रशासनिक अमला अनदेखी करे बैठा है।

### प्रशासनिक तंत्र ने दी छूट

कबाड़ ठीहों के संचालन के विषय में जब बात की जाती है तब प्रशासनिक तंत्र की लचर व्यवस्था वाली स्थिति स्वतः सामने आती है जिसकी बानगी सिंकू कबाड़ी के ठीहे जैसे संचालनों में देखा जा सकता है। कहने को तो यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के लिये जिले में यातायात पुलिस तैनात है पर न जाने उसे उक्त मार्ग को अवरूद्ध करने वाले सिंकू कबाड़ी पर नजर नही पड़ती वहीं ठीहे के आस-पास गंदगी का अंबार लगा है साथ ही अतिक्रमण कर सडक तक कब्जा जमा लिया गया है जिसे नगर पालिका प्रशासन नोटिस देने तक की जहमत उठाता नही दिखता। जिला कोतवाली पुलिस उक्त कबाड़ के ठीहे में सब वैध सामान ही खरीदा गया है मानकर झांकना तक नही चाहती। कुल मिलाकर कबाड़ के ठीहों पर कार्यवाही के नाम पर प्रशासनिक व जवाबदार अमलों का तंत्र लचर ही दिखाई देता है।

# पारम्परिक तरीके से मनाया जाएगा मोहर्रम का पर्व

## पर्व को दृष्टिगत रख जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

अनूपपुर। आगामी त्यौहार मोहर्रम 17 जुलाई को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, एसडीएम जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, एसडीओपी कोतमा, थाना प्रभारी अनूपपुर अरविन्द जैन, यातायात प्रभारी ज्योति दुबे सहित नगरपालिका, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, होमगार्ड के अधिकारी, शांति समिति के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी



उपस्थित थे। अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने सभी से सौहार्दपूर्ण परम्परा के अनुरूप सद्भावना, शांतिपूर्ण ढंग से पर्व को मनाने की अपील की। अपर कलेक्टर ने पर्व के दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सड़क मरम्मत तथा आवश्यक व्यवस्था के संबंध में सर्व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, पेयजल, प्रकाश सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर निर्धारित रूट के अनुसार ही ताजिया का जुलूस निकाला जाए। बैठक में आयोजन समितियों से कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा समितियों को अवगत कराया गया कि आयोजन व साउण्ड सर्विस की विधिवत अनुमति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर लें। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार ने कहा कि पूर्व परम्परा के अनुरूप सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए जाएं। प्रशासन और पुलिस शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर संभव सहयोग सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि आम जन के सहयोग से पर्व के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों ने सुझाव रखे। बैठक में जिला मुख्यालय अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी में मोहर्रम तथा भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा कर कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्णय लिया गया।

# सांसद, विधायक के गृह नगर में समस्याओं की भरमार

## जर्जर स्थिति मे बसनिहा नाले का पुल, कभी भी हो सकती है भयावह घटना

अनूपपुर।



राजेन्द्रग्राम से अमरकंटक मुख्य मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचते हैं। बारिश के मौसम में राजेंद्रग्राम लखौरा स्कूल के समीप स्थित बसनिहा नाला उफान पर आ जाता है और पुल के ऊपर से पानी बहने लगता है। इस वजह से इस मार्ग पर जल स्तर कम होने तक आवागमन थम जाता है। वाहनों की लंबी कतारें दोनों तरफ लग जाती हैं। बीते कई दशक से यह समस्या बनी हुई है। इसके बावजूद इस समस्या पर न तो विभागीय अधिकारी और न ही जनप्रतिनिधि संज्ञान ले रहे हैं। बारिश के दिनों में दूर दराज से पहुंचने वाले दर्शनार्थियों तथा श्रद्धालुओं के साथ ही जिले वासियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के घर की दूरी इस पुल से 500 मीटर से भी कम है। शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह का घर भी यहीं है और इस समस्या से बारिश के दिनों में उन्हें भी आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके इसे दूर करने के लिए किसी तरह के प्रयास अभी तक नहीं किए गए।

### 50 वर्ष पूर्व हुआ था निर्माण

बसनिहा निवासी जगतपाल ने बताया कि पुल को बने 50 से 55 वर्ष हो रहे हैं। बारिश के दिनों में अक्सर पुल पर बाढ़ की स्थिति बन जाती है। विभाग द्वारा इस समस्या को नजर अंदाज करते हुए जहां पुल की जरूरत नहीं है वहां निर्माण किया जा रहा है। पेट्रोल पंप के समीप बिना आवश्यकता के पुलिया का निर्माण कुछ व्यक्तियों की परेशानी को देखते हुए कर दिया गया लेकिन जहां क्षेत्र की पूरी आबादी की समस्या की बात है वहां विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

### मुख्यालय से टूट जाता है गांवों का संपर्क

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम में पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक ग्राम पंचायत का तहसील मुख्यालय से संपर्क कट जाता है। क्षेत्र के लोग राजेंद्रग्राम पर स्वास्थ्य, शिक्षा तथा दैनिक उपयोग की हर वस्तु के लिए आश्रित हैं। ऐसी स्थिति हो जाने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार तो जल स्तर कम होने में पूरा दिन बीत जाता है। बसनिहा पुल पर बाढ़ की स्थिति होने पर सबसे ज्यादा परेशानी छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ती है। कई घंटे तक जलस्तर कम न होने पर उन्हें वापस लौटना पड़ता है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित छात्र-छात्राओं की पढ़ाई होती है क्योंकि बारिश में ऐसी स्थिति बनी ही रहती है जिसको लेकर के शासन तथा प्रशासन को ध्यान देना चाहिए तथा समस्या को दूर किया जाना चाहिए। पूर्व में राजेंद्रग्राम में सड़क निर्माण के दौरान इस पुल का प्राक्कलन भी तैयार किया गया था लेकिन ज्यादा राशि हो जाने के कारण इसकी स्वीकृति नहीं मिल पाई। बारिश के दिनों में इस पुल पर बाढ़ की स्थिति बनी ही रहती है और इससे आवागमन बंद हो जाता है।

### इनका कहना है

समस्या को दूर करने के लिए प्रयास करते हुए नया पुल निर्मित कराया जायेगा।

**मुकेश बेले, प्रबंधक एमपीआरडीसी**

## आकांक्षी विकास कार्यक्रम के 6 पैरामीटर में शत-प्रतिशत परिपूर्णता को प्राप्त करें-जिपं. सीईओ

# दिलाई आकांक्षी विकास कार्यक्रम के संपूर्णता अभियान की शपथ

अनुपपुर।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा है कि भारत शासन द्वारा चलाया जा रहा आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम बहुत ही महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के पुष्पराजगढ़ ब्लॉक को चिन्हित किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पुष्पराजगढ़ विकासखंड विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। पुष्पराजगढ़ में आकांक्षी विकासखंड के तहत स्वास्थ्य विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग और एनआरएलएम के कार्यक्रम और योजनाओं के क्रियान्वयन को फोकस कर पूरा किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा आज जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड के जनपद कार्यालय परिसर स्थित स्वसहायता समूह भवन में आयोजित आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में भारत सरकार के नीति आयोग के प्रतिनिधि दिनेश कटारिया, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मिथलेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह, जनपद पंचायत सदस्य देवकी सिंह, संगीता महोबिया, धर्मवती परस्ते, किरगी सरपंच अर्जुन सिंह परस्ते, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ की प्रभारी सीईओ सुश्री ऊषा किरण गुप्ता, खण्ड पंचायत अधिकारी जागृत सिंह, सहायक कार्यक्रम अधिकारी वरुणेन्द्र सिंह, स्वच्छ भारत अभियान के समन्वयक पुष्पेन्द्र तिवारी, समग्र अधिकारी अग्निहोत्री सहित अन्य जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि, पत्रकार व बड़ी संख्या में जनपद क्षेत्र के मैदानी कार्यकर्ता व ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य



कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कहा कि जनपद पुष्पराजगढ़ में राज्य शासन के महात्वाकांक्षी आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों के संचालित 39 योजनाओं के क्रियान्वयन को भी प्राथमिकता में रखा गया है। उन्होंने कहा कि संपूर्णता अभियान का उद्देश्य गांवों में समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। मेरा गांव, मेरा विकासखंड मानकर पूर्ण स्वामित्व के साथ योजना को सफल बनाने कार्य करेगें। इसमें शासकीय अमले के साथ इस ब्लॉक के जनप्रतिनिधि व नागरिकों की भी सहभागिता जरूरी है, तभी हम आकांक्षी विकासखंड को विकास के उच्चतम स्तर पर पहुंचा पाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड पुष्पराजगढ़ में आगामी तीन माह में आकांक्षी कार्यक्रम के 6 पैरामीटर अनुसार शत प्रतिशत विकास सुनिश्चित करने हेतु सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने पूरे मनोयोग से कार्य करें तथा शासन के मंशा के अनुरूप विकासखंड पुष्पराजगढ़ के विकास के संकेत को पूरा करें। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने संपूर्णता अभियान की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मिथलेश सिंह ने कहा कि पुष्पराजगढ़ विकासखंड आकांक्षी विकासखंड होने के नाते यहां सम्पूर्ण विकास की झलक दिखाई देती है। पूरे विकासखंड में शिक्षा, स्वास्थ, महिला एवं बाल विकास, महिला समूह आदि के सशक्तिकरण से जिला विकास की नई ऊंचाईयां छूएगा। नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने हम सबको सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में कार्यों की शुरूआत भी हो चुकी है। यह अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह ने संबोधित करते हुए पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड में संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी सूचकांकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि के लिए जनप्रतिनिधियों के आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, पोषण आहार, मृदा परीक्षण, स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं तथा स्वसहायता समूह की सदस्यों को सशक्त करने व बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार कार्यक्रम इस क्षेत्र की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शासकीय अमले के साथ मिलजुल कर इस अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करेंगे। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते द्वारा गर्भवती माता को पूरक पोषण आहार एवं संकल्प एवं पोषण ट्रैकर एप के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि विकासखंड पुष्पराजगढ़ में 436 आंगनबाड़ी केंद्र है, जिसमें पांच-पांच सदस्यों का ग्रुप बनाया गया है। जो गर्भवती माताओं को पूरक पोषण आहार, वजन, ऊंचाई इत्यादि की जानकारी प्रदान कर जागरूक करेंगी। इसी प्रकार कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों ने मिट्टी की उर्वरक शक्ति, फसल, कीटनाशक दवा, रसायन इत्यादि की जानकारी प्रदान की।